Seat No. : ______________

SM-102 (H)

September-2020

B.Com., Sem.-VI

CE-304 A : Advanced Acc. & Auditing

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

(Hindi Version)

सूचना : (1) **विभाग-I** के **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

(2) **विभाग-I** में से कोई **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(3) **विभाग-II** का **प्रश्न-5 अनिवार्य** है ।

विभाग – I

कोई भी **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1. (A) एक सार्वजनिक कंपनी के अंकेक्षक के रूप में आपकी नियुक्ति की गई है । अंकेक्षण शुरू करते समय ध्यान देने योग्य बिंदुओं को बताइए । **10**

(B) 'धारा 208 के अंतर्गत 'पूँजी में से ब्याज भुगतान' के लिए कंपनी अधिनियम के प्रावधान बताइए । **10**

2. (A) टिप्पणी लिखिए : "अंकेक्षक की क्षतियुक्त (Qualified) रिपोर्ट" **10**

(B) 'सामाजिक अंकेक्षण' पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । **10**

3. (A) "अलीसा लि." की निम्नलिखित जानकारी पर से वर्ष 2019-20 का विभाजनयोग्य लाभ ज्ञात कीजिए : **10**

वर्ष	ह्रास पूर्व लाभ/हानि (₹)	कंपनी अधिनियम अनुसार ह्रास (₹)	असमाविष्ट ह्रास (₹)
2017-18	– 1,40,000	2,10,000	1,50,000
2018-19	– 1,00,000	1,40,000	90,000
2019-20	+ 6,25,000	1,25,000	–

(B) विभाजनयोग्य लाभ से क्या तात्पर्य है ? विभाजन-योग्य लाभ के लिए अंकेक्षण की जिम्मेदारियाँ बताइए । **10**

4. (A) अंकेक्षण कार्यक्रम क्या है ? एक कॉमर्स कॉलेज का अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार कीजिए । **10**

(B) व्यवसाय क्रय इच्छुक के पक्ष में अन्वेषण कीजिए । **10**

विभाग – II

5. सही विकल्प ज्ञात कीजिए : (कोई **पाँच**) **10**

(1) ________ यानि इकत्र किये गये और विचारणा के पश्चात् प्रस्तुत किये गये तथ्यों का निवेदन ।

(a) रिपोर्ट (b) अंकेक्षण कार्यक्रम

(c) वार्षिक पत्रक (d) इनमें से कोई नहीं

(2) कंपनी के अंकेक्षक को अपना रिपोर्ट निम्न में से किस पक्षकार को संबोधित करके लिखना होता है ?

(a) कंपनी के शेयरधारक

(b) केन्द्र सरकार

(c) बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स

(d) कंपनी सचिव

(3) अंकेक्षक का प्रमाणपत्र किस पक्ष को संबोधित करके देना होता है ?

(a) किसी को भी संबोधित करके नहीं देना होता है ।

(b) कंपनी के बॉर्ड ऑफ डिरेक्टर्स को

(c) केन्द्र सरकार को

(d) कंपनी के शेयरधारक को

(4) दो बोनस इश्यु के बीच का समय अंतराल कम से कम कितना होना चाहिए ?

(a) 12 माह (b) 24 माह

(c) 36 माह (d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(5) कंपनी अधिनियम की धारा 208 के अनुसार पूँजी में से अधिकतम कितने प्रतिशत ब्याज दे सकते हैं ?

(a) 12% (b) 10%

(c) 5% (d) 4%

(6) कंपनी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार लाभ–हानि खाते की तिथि और जिसमें वह प्रस्तुत किया गया हो उस वार्षिक सामान्य सभा की तिथि के बीच समय अंतराल _____ से अधिक नहीं होना चाहिए ।

(a) तीन माह (b) नौ माह

(c) चार माह (d) छः माह

(7) संपत्ति विक्रय पर लाभ किस प्रकार जाना जाता है ?

(a) पूँजी लाभ (b) सकल लाभ

(c) शुद्ध लाभ (d) विभाजनयोग्य लाभ

(8) लाभांश घोषित करने के कितने समय में लाभांश वारंट सदस्यों को जारी कर देना पड़ता है या लाभांश का भुगतान कर देना पड़ता है ?

(a) 30 दिन (b) 21 दिन

(c) 42 दिन (d) 45 दिन

(9) जो लाभ अंशधारियों के बीच निर्धारित तरीके से लाभांश के रूप में आबंटित किया जा सके उस लाभ को _____ कहते हैं ।

(a) विभाजनयोग्य लाभ (b) प्रत्याशित लाभ

(c) अधिक लाभ (d) पूँजी लाभ

(10) कौन सा कथन सही है ?

(a) अन्वेषण वैकल्पिक है ।

(b) अन्वेषण अनिवार्य है ।

(c) अन्वेषण कोई भी व्यक्ति कर सकता है ।

(d) कोई भी नहीं

(11) अंकेक्षण कार्यक्रम तैयार करने से पूर्व निम्नलिखित में से कौन सी जानकारी प्राप्त करना आवश्यक नहीं है ?

(a) प्रतिस्पर्धियों द्वारा अपनाई लेखांकन पद्धति

(b) आंतरिक नियंत्रण की पद्धति

(c) व्यवसाय या संस्था की तकनीकी जानकारियाँ

(d) पूर्व अंकेक्षक का रिपोर्ट

(12) अंकेक्षण कार्यक्रम

(a) अंकेक्षण को सरल और कार्यक्षम बनाता है ।

(b) अनिवार्य है ।

(c) अंकेक्षक का दायित्व निर्धारित करता है ।

(d) कोई नहीं